भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या †940**
उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946 (शक)

# युवा केन्द्रों के विकास के लिए आंवटित निधि

**†940. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आन्ध्र प्रदेश सहित देश भर में सरकार के अंतर्गत प्रस्तावित, निर्माणाधीन और वर्तमान में कार्य कर रहे युवा केन्द्रों की जिला-वार सूची का ब्यौरा क्या है;

(ख) देशभर में और उक्त राज्य में युवा केन्द्रों के विकास और रख-रखाव के लिए आवंटित, स्वीकृत और उपयोग की गई कुल निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) देशभर में युवा केन्द्रों के सदस्य युवाओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने देश में युवाओं में युवा केन्द्रों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (घ) : युवा कार्यक्रम विभाग युवा केंद्रों का निर्माण नहीं करता है। तथापि, यह विभाग युवा छात्रावासों का संचालन करता है जो केंद्र और राज्य सरकारों का एक संयुक्त उद्यम है। युवा छात्रावासों का निर्माण भ्रमण या अध्ययन दौरे पर जाने वाले छात्रों और युवा समूहों को कम लागत वाले बजट आवास और सुविधाएं प्रदान करके देश के भीतर युवाओं की यात्रा को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। इस स्कीम का उद्देश्य युवाओं को भारत की संस्कृति और लोक विविधता के बारे में अधिक जानने के लिए युवा यात्रा को बढ़ावा देना है।

****